# बिहार विधान सभा वादवृत्त।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण। सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में बुधवार, तिथि १ली सितम्बर, १९५४ को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

## अध्यक्ष द्वारा स्वागत सम्बोधन।

## ADDRESS OF WELCOME BY THE SPEAKER.

अध्यक्ष—माननीय सदस्यगण, संविधान के अन्तर्गत संगठित प्रथम विधान सभा के पंचम सत्र के आरम्भावसर पर मैं आप सबों का हृदय से स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि सदा की भांति इस बार भी माननीय सदस्यगण सभा की कार्यवाहियों में पूर्ण उमंग एवं उत्साह के साथ भाग लेंगे।

इस बार उत्तर बिहार में बाढ़ का भीषण प्रकोप एक दुःखद एवं अभूतपूर्व घटना हुई है। तिरहुत प्रमंडल के अधिकांश गांव तथा नगर जलमग्न हैं और लाखों मनुष्यों को अपरिमित क्षति पहुंची है। प्रकृति के इस कुठाराघात पर हम क्षुब्ध और शोकाकुल हैं। बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों की जनता के प्रति यहां उपस्थित उनके प्रतिनिधियों के माध्यम से मैं अपनी ओर से तथा राज्य के अन्य क्षेत्रों के सदस्यों की ओर से संवेदना प्रकट करता हूं।

अब सभा की कार्यवाही माननीय सदस्यों में वितरित कार्यसूची के अनुसार प्रारंभ होगी।]

---

## विरोधी दल के नेता के सम्बन्ध में घोषणा।

## ANNOUNCEMENT REGARDING THE LEADER OF OPPOSITION.

अध्यक्ष—मुझे एक विशेष सूचना देनी है वह यह है कि विरोधी दल के नेता पहले हमारे श्री सिदुई हेम्ब्रोम थे। वे अब विरोधी दल के नेता नहीं रहे। उनकी जगह पर श्री सुशील कुमार बागे, जो झारखंड पार्टी के सदस्य हैं, निर्वाचित हुए हैं। उनको मैं विरोधी दल का नेता घोषित करता हूं।

| District. | Name of Scheme. | | Amount sanctioned. | Area each to irrigate. |
|---|---|---|---|---|
| | | | Rs. a. p. | Acres. |
| Santhal Parganas. | 49. Rajdamar M. I. Scheme. | Completed. | 7,931 0 0 | 3,000 |
| | 50. Barmaria M. I. Scheme. | | 16,791 0 0 | 3,000 |
| | 51. Fasia M.I. Scheme | | 16,513 0 0 | 4000 |
| | 52. Thikaria M. I. Scheme. | | 13,041 0 0 | 1,500 |
| | 53. Kharidava M. I. Scheme. | In progress. | 25,075 0 0 | 900 |
| | 54. Bhikanpur M. I. Scheme. | | 17,708 0 0 | 70 |
| | 55. Lakrasahi M. I. Scheme. | | 21,648 0 | 1,000 |
| | 56. Kokri M. I. Scheme | Completed | 29,012 0 0 | 1,000 |
| | 57. Pipri M. I. Scheme | | 20,345 0 0 | 800 |
| | 58. Bharia M.I. Scheme | | 18,623 0 0 | 2,000 |
| | 59. Jhikarhati M. I. Scheme. | Work not yet started. | 15,829 0 0 | 1,000 |
| | 60. Jounki M. I. Scheme. | In pregress. | 9,376 0 0 | 200 |
| | 61. Gidahni M. I. Scheme. | Work not yet started. | 6,915 0 0 | 360 |
| | 62. Bansbilai M. I. Scheme. | | 26,673 0 0 | 2,720 |
| | 63. Asampakara M. I. Scheme. | | 29,713 0 0 | 200 |

### गंधीबग कीड़े से फसल की बर्बादी।

१५४। श्री कर्पूरी ठाकुर—क्या मंत्री, विकास (कृषि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) १९५० से १९५३ तक गंधीबग नामक कीड़े ने किस-किस जिले में कितने प्रतिशत धान की फसल को ग्रस्त किया ;

(ख) किस जिले में किस साल कितने रुपये इस कीड़े से फसल रक्षा के लिये खर्च किये गये ;

(ग) किस जिले में कितनी प्रतिशत फसल की बर्बादी हुई और कितनी प्रतिशत की रक्षा ?

श्री बीरचन्द पटेल (उप-कृषि मंत्री)—(क) इसका यथोचित एवं जिलावार आंकड़ा देना मुश्किल है। १९५०, १९५१ एवं १९५३ में गंधी कीड़े का प्रकोप सारे राज्य में इतना भयानक न था जितना १९५२ में। १९५० में भागलपुर, मुजफ्फरपुर, शाहाबाद और पटना जिले के कुछ स्थानों में कुल मिलाकर ४० एकड़ अगात (अर्ली पैडी) धान की फसल में गंधी कीड़े के लगने की शिकायत आयी थी जहाँ ५ से ८ प्रतिशत फसल क्षतिग्रस्त थीं। १९५१ में पटना, भागलपुर तथा रांची जिले के कुछ ही क्षेत्रों में लगभग १०० एकड़ फसल में सीमित था। कीड़े लगे खेतों में १०-१५ प्रतिशत की क्षती हो पायी थी कि दवा के प्रयोग से फसल को बर्बाद होने से बचा लिया गया। १९५२ में गंधी कीड़े का प्रक्षेप बहुत ही ज्यादा शाहाबाद, रांची, पलामू, हजारीबाग, गया, पटना और भागलपुर जिले में लगभग २,५०० एकड़ धान की अगात फसल होने की खबर मिली जिसमें १,२४७ एकड़ में दवा का प्रयोग कर फसल को बचाया गया। १९५३ में गया, पलामू, हजारीबाग, दरभंगा, सिंहभूम में इन कीड़े का करीब २० प्रतिशत धान के फसलों पर प्रकोप होने की खबर मिली। करीब ९० प्रतिशत बर्बाद होने से बचाया गया।

(ख) इसका ठीक-ठीक जिलावार खर्च पता नहीं है। पर इस पर १९५० में ५०० रुपये, १९५१ में १,२०० रुपये, १९५२ में १४,००० रुपये और १९५३ में करीब ५,००० रुपये खर्च किये गये।

(ग) (क) में दिये गये उत्तर की ओर कृपया ध्यान दें।

बि०स०मु० (एल०ए०) ९९—मोनो—५००+८२०—२०-८-१९५४—म० कुमार तथा अन्य